लग्नम स्पिनटेक्स लिमिटेड

सीआईएनः एल17119आरजे2010पीएलसी032089

पंजीकृत कार्यालयः ए 51-53,रिको ग्रोथ सेंटर, हमीरगढ़, भीलवाड़ा-311001, राजस्थान, भारत

दूरभाष नं.: 91 9461656067, वेबसाइटः www.lagnamspintex.com, ई-मेलः rparashar@lagnum.com

सूचना

कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और 22 सपठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 110 और 108 के अनुसार एतद्द्वारा सूचित किया जाता है (इसमें किसी भी वैधानिक संशोधन या तत्समय लागू होने वाले पुनः अधिनियमन सहित) और कंपनी अधिनियम, 2013 के अन्य लागू प्रावधान, यदि कोई हो, सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (पूंजी जारी करना और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2018 और ऐसे अन्य नियम और विनियम जो लागू होते हैं, की अनुपालना में कंपनी 5 जून, 2021 के पोस्टल बैलेट नोटिस में निर्धारित विशेष व्यवसायों के लिए विशेष संकल्प के माध्यम से पोस्टल बैलेट (केवल रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से) के माध्यम से अपने सदस्यों की अनुमति प्राप्त करना चाह रही है।

कोविड-19 द्वारा उत्पन्न खतरे को देखते हुये कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी ('एमसीए परिपत्र') के अनुसार सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांकित 08 अप्रैल, 2020, सामान्य परिपत्र संख्या 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल, 2020 और सामान्य परिपत्र संख्या 22/2020 दिनांकित 15 जून, 2020 की अनुपालना में व्याख्यात्मक विवरण के साथ पोस्टल बैलेट की सूचना शुक्रवार, 11 जून को या उससे पहले उन सभी सदस्यों को जिनका नाम शुक्रवार, 28 मई, 2021 (कट-ऑफ तिथि) को रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल), सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड (सीडीएसएल) से प्राप्त सदस्य/लाभार्थी स्वामी के रजिस्टर में दर्ज है को ई-मेल के माध्यम से एवं जिनकी ई-मेल आईडी कंपनी/आरटीए के साथ पंजीकृत नही थी, को भौतिक नोटिस के माध्यम से भेजी गई। ई-वोटिंग की प्रक्रिया पोस्टल बैलेट नोटिस का हिस्सा बने बिन्दूओं में दी गई है।

पोस्टल बैलेट फॉर्म और प्रीपेड बिजनेस प्रतिउत्तर लिफाफा के साथ पोस्टल बैलेट की नोटिस की हार्ड कॉपी शेयरधारकों को नहीं भेजी जा रही है और शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपनी सहमति या असहमति केवल रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से संप्रेषित करें। व्याख्यात्मक विवरण और अन्य अनुलग्नकों के साथ पोस्टल बैलेट की सूचना कंपनी की वेबसाइट www.lagnamspintex.com, स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट यानी नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड 'इमर्ज प्लेटफॉर्म' पर https://www1.nseindia.com/emerge और एनएसडीएल की वेबसाइट (रिमोट ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए कंपनी द्वारा नियुक्त एजेंसी) अर्थात **https://www.evoting.nsdl.com** पर भी उपलब्ध है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के नियम 44 के अनुपालना में, कंपनी शेयरधारकों को रिमोट ई- वोटिंग की सुविधा प्रदान करके प्रसन्न है। कंपनी ने सुरक्षित तरीके से ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की सेवाएं ली हैं और ई-वोटिंग प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संचालित करने के लिए मैसर्स संजय सोमानी एंड एसोसिएट्स, प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव, भीलवाड़ा को संविक्षक के रूप में नियुक्त किया है। वोटिंग अधिकारों की गणना कट-ऑफ तिथि तक सदस्य (सदस्यों) के नाम (नामों) में पंजीकृत शेयरों के चुकता मूल्यों के आधार पर भी की जाएगी।

ई-वोटिंग की अवधि सोमवार, 14 जून, 2021 को सुबह 9:00 बजे (आईएसटी) से शुरू होगी और मंगलवार, 13 जुलाई, 2021 को शाम 5:00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी। इसके बाद मतदान के लिए एनडीएसएल द्वारा ई-वोटिंग मॉड्यूल को निष्क्रिय कर दिया जाएगा। शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे केवल इस अवधि के दौरान अपना वोट डालें और ई-वोटिंग की प्रक्रिया और तरीके के बारे में पोस्टल बैलेट नोटिस में ई-वोटिंग निर्देशों को देखें। एक बार शेयरधारक द्वारा वोट डालने के बाद, शेयरधारकों को बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

किसी भी प्रश्न के मामले में, आप सहायता अनुभाग के तहत **https://www.evoting.nsdl.com** पर उपलब्ध शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका का संदर्भ ले सकते हैं या 1800 1020 990/1800 22 44 30 पर कॉल कर सकते हैं या **evoting@nsdl.co.in** या rparashar@lagnam.com पर एक ईमेल लिखें या श्री राजीव पाराशर, कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी से (+91 9461656067) पर संपर्क करें, जो मतदान से जुड़ी शिकायतों का इलेक्ट्रॉनिक साधनों से समाधान करेंगे ।

उन शेयरधारकों के लिए प्रक्रिया जिनके ई-मेल पते रिमोट ई-वोटिंग हेतु लॉगिन संबंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए डिपॉजिटरीज के पास पंजीकृत नहीं हैं:

(अ) अस्थायी पंजीकरण के लिएः जिन शेयरधारकों ने अपने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं या किसी भी कारण से इस नोटिस के संबंध में कोई संचार प्राप्त नहीं किया है, वे इस नोटिस और पोस्टल बैलट के लिए सक्षम बनाने वाली ई-वोटिंग की प्रक्रिया के लिए कंपनी के आरटीए बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रदान किए गए लिंक **https://bigshareonline.com/InvestorRegistration.aspx** का उपयोग करके अपने ई-मेल पते को पंजीकृत करके प्राप्त कर सकते हैं। अन्य प्रकार के किसी भी प्रश्न के मामले में, शेयरधारक **rparashar@lagnam.com** पर ईमेल भेजकर लिख सकते हैं।

(ब) स्थायी पंजीकरण के लिएः यह स्पष्ट किया जाता है कि ई-मेल पते के स्थायी पंजीकरण के लिए, सदस्यों से अनुरोध है कि वे संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) के साथ डीमैट होल्डिंग्स के संबंध में अपना ई-मेल पता पंजीकृत करें और फिजिकल होल्डिंग्स के संबंध में आरटीए के साथ डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट या आरटीए द्वारा क्रमशः निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जा सकता है।

(स) ईमेल आईडी का सत्यापनः जिन सदस्यों ने पहले ही अपना ई-मेल पता पंजीकृत कर लिया है, उनसे अनुरोध है कि वे अपने ई-मेल पते को अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों/कंपनी के आरटीए के साथ मान्य रखें, ताकि उनके ई- मेल के पते पर उन्हें इलेक्ट्रॉनिक रूप से सूचनाएं/दस्तावेज/वार्षिक रिपोर्ट्स प्राप्त करने की सुविधा मिल सके।

संवीक्षक अपनी रिपोर्ट कंपनी के अध्यक्ष या उनके द्वारा अधिकृत किसी अन्य व्यक्ति को प्रस्तुत करेंगे। पोस्टल बैलेट का परिणाम अध्यक्ष या उनके द्वारा अधिकृत किसी अन्य व्यक्ति द्वारा गुरुवार, 15 जुलाई, 2021 को या उससे पहले घोषित किया जाएगा।

पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान का परिणाम (रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से) संविक्षक की रिपोर्ट के साथ कंपनी की वेबसाइट www.lagnamspintex.com और एनएसडीएल यानि **https://www.evoting.nsdl.com** पर डाला जाएगा। उसी के साथ-साथ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड 'इमर्ज प्लेटफॉर्म' को सूचित किया जाएगा, जिस पर कंपनी के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं।

निदेशक मंडल के आदेश से
लग्नम स्पिनटेक्स लिमिटेड के लिए
कृते/-
राजीव पाराशर
कंपनी सचिव
आईसीएसआई एमईएम. नं.:ए52343

स्थानः भीलवाड़ा
दिनांकः 12जून, 2021

LAGNAM SPINTEX LIMITED BHILWARA (RAJ.) 311001